दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 13 मुरादाबाद, 03 May 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## कांग्रेस के घोषणापत्र पर बोले PM मोदी : पहले श्री राम को ताले में बंद किया, अब बजरंगबली को बंद करने की बात



पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प ले रहे है।कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार चुनावी रैली कर रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने आज कर्नाटक के होसपेत शहर में रैली को संबोधित किया।जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर बयान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प ले रहे है।

### कांग्रेस पार्टी को होती है प्रभु श्री राम से तकलीफ

10 मई को कर्नाटक में मतदान होना है, जिसको देखते हुए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में सबसे बड़ा वादा किया है कि सरकार बनने पर पीएफआई के साथ ही बजरंग दल पर बैन लगा दिया जाएगा। इसी घोषणा पत्र को लेकर अब पीएम मोदी ने आज अपनी प्रतिक्रिया दी है।पीएम मोदी ने रैली में कहा, %आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है और दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है। यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम से भी तकलीफ होती थी और अब जय बजरंगबली बोलने वालों से भी तकलीफ हो रही है।

### कर्नाटक की मान-मर्यादा पर नहीं आने देंगे कोई आंच

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक की मान-मर्यादा और संस्कृति पर कोई आंच नहीं आने देगी। साथ ही बीजेपी कर्नाटक के विकास के लिए, यहां के लोगों को आधुनिक सुविधा और नए अवसर देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने दशकों के अपने शासन के दौरान गांवों और शहरों के बीच खाई को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया था लेकिन बीजेपी सरकार इस खाई को कम करने में लगातार जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि आज हमारे गांवों में भी शहरों जैसी सुविधाएं पहले से ज्यादा गति से पहुंच रही हैं।

### भाजपा ने जारी किया अपना घोषणा पत्र

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अपने इस घोषणा पत्र में बीजेपी ने जनता के सामने पार्टी के संकल्पों को रखा। बीजेपी की ओर से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा सीएम बसवराज बोम्मई समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा के संकल्प पत्र की बड़ी बातें यह हैं-कर्नाटक में अगर बीजेपी की सरकार आई तो यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। प्रदेश के हर वार्ड में अटल आहार केंद्र की स्थापना होगी। बीपीएल परिवारों को मुफ्त में तीन सिलिंडर दिया जाएगा और आधा लीटर नंदिनी दूध भी रोजाना मिलेगा। 5 लाख रुपए के लोन तक कोई ब्याज नहीं होगा। किसानों को बीज के लिए दस हजार की रकम देगी और गरीब परिवारों को पांच किलो चावल और मोटा अनाज मिलेगा।

## अखिलेश यादव का सहारनपुर में रोड शो, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह, छतों से बरसाए फूल

अखिलेश यादव आज सहारनपुर में निकाय चुनाव के लिए रोड शो कर रहे हैं। उनके रोड शो को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।अखिलेश यादव यहां महापौर पद के प्रत्याशी नूर हसन मलिक और पार्षद पदों के प्रत्याशियों के लिए आज महानगर में रोड शो कर रहे हैं। इसको लेकर सपा प्रत्याशियों से लेकर कार्यकर्ताओं तक में उत्साह का माहौल है। रोड शो के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता भी करेंगे। सपा ने चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में ताकत झोंक दी है। अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज रोड शो करने पहुंचे हैं। सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने बताया कि अखिलेश यादव आज दोपहर वायुयान से सरसावा एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से वह कार के माध्यम से सहारनपुर पहुंचे। दोपहर बाद उनका रोड शो थाना कुतुबशेर से प्रारंभ हुआ। वहां वह रेंच के पुल, पुल कंबोहान और रायवाला होते हुए खाताखेड़ी स्थित वुडेन सिटी में रोड शो कर सपा प्रत्याशियों का प्रचार करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। अखिलेश यादव मंडी समिति रोड स्थित मुख्य चुनाव कार्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दो घंटे के रोड शो को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों में उत्साह का माहौल है।



### मंत्रियों व विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर

नगरीय निकाय चुनाव निर्याणक मोड़ पर आ गया है। सहारनपुर में इस चुनावी रण में राज्यमंत्री दिनेश खटीक, बृजेश सिंह के अलावा विधायक आशु मलिक की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आज जनपद में रोड शो पर हर किसी की निगाहें टिकी हैं। बता दें कि जिले में दो मंत्रियों व एक विधायक के परिजन और परिचित चुनाव मैदान में है। इनके अलावा पूर्व विधायकों के लिए भी निकाय चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। उन्होंने ने भी कस्बों की सरकार बनाने के लिए अपने परिजनों और परिचितों को चुनाव लड़ा रहे हैं।

### 2765 कर्मचारी कराएंगे मतदान

नगरीय निकाय चुनावों में मतदान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर निगम में मतदान के लिए 553 मतदान स्थल बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान स्थल पर एक पीठासीन अधिकारी सहित पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनके अलावा दस प्रतिशत कर्मचारी अतिरिक्त रहेंगे। नगर निगम चुनाव में मतदान कराने के लिए 2765 कर्मचारी लगाए जाएंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम चुनाव में 621450 मतदाताओं के लिए 553 मतदान स्थल बनाए गए हैं।

प्रत्येक मतदान स्थल पर पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनमें एक पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी और चतुर्थ मतदान अधिकारी शामिल होंगे। मतदान के लिए 2765 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इनके अलावा 271 कर्मचारियों को अतिरिक्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मचारियों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 125 वाहनों का प्रयोग किया जाएगा। इनमें 112 बड़ी बसें और 13 मिनी बसें शामिल होंगी। इनके अलावा दो बसों को आरक्षित रखा जाएगा।

## योगी आदित्यनाथ बोले- यह प्रयागराज की धरती है, यह अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती



प्रयागराज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रयागराज की धरती है यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती है। प्रकृति न्याय जरूर करती है। कुछ लोगों ने जिले को अन्याय और अत्याचार का अड्डा बना लिया था। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में भाजपा ने सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की पार्टी है।प्रयागराज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रयागराज की धरती है यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती है। प्रकृति न्याय जरूर करती है। अतीक और अशरफ का नाम लिए बगैर कहा कि कहा कि जो जैसा करेगा उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने न्याय कर दिया। योगी ने कहा कि कुछ लोगों ने प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का केंद्र बना दिया था, लेकिन यह धरती सबका हिसाब बराबर करके रख देती है। कहा कि प्रकृति न अन्याय करती है न ही अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त करती है। तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है जो जैसा कर्म करता है उसको वैसा ही फल मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में भाजपा ने सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कहा कि उत्तर प्रदेश कि पहचान कट्टे से नहीं आईटी स्किल के रूप में जानी जाएगी। 2025 का कुंभ ऐतिहासिक होगा। स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित होगा। इसके लिए अभी से लगना होगा। योगी ने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास, आठ करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। 220 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका मुफ्त में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा का मतलब सबका साथ और सबका विकास। भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सबका विकास किया जा रहा है।

### योगी ने गिनाईं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

उन्होंने जनधन योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास योजना, मुफ्त अनाज और किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं को गिनाया। साथ ही भाजपा के प्रत्याशी गणेश केसरवानी की मंच से तारफी की। कहा कि गणेश एक सामान्य कार्यकर्ता है। पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केशरी देवी पटेल और सांसद विनोद सोनकर मंच पर पहुंच गए हैं। मंच पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन समेत प्रयागराज के सभी विधायक मौजूद हैं।

## मतदान से 48 घंटे पहले ही बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें, डीएम ने जारी किया आदेश

लखीमपुर खीरी जिले में निकाय चुनाव के लिए चार मई को मतदान होना है। 13 मई को मतगणना होगी। मतदान और मतगणना में अराजकतत्व किसी प्रकार व्यवधान न उत्पन्न कर सके, इसे लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। वहीं मतदान से 48 घंटे पहले ही शराब की दुकानें पूर्ण रूप से बंद हो जाएंगी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की कोई अराजकता न हो, इसको लेकर दो मई की शाम छह बजे से लेकर मतदान होने तक जिले की समस्त शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इसी तरह मतगणना से एक दिन




पहले शाम छह बजे दुकानें बंद हो जाएंगी, जो 14 मई की सुबह निर्धारित समय पर खुलेंगी। डीएम ने आबकारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस आदेश का सख्ती के साथ पालन कराएं। चोरी छिपे शराब बिक्री पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरोगा और इंस्पेक्टर भी शामिल रहेंगे। मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से पुलिस कर्मियों की तैनाती स्थल से दूसरे कोतवाली और थाना क्षेत्रों में ड्यूटी लगाई जाएगी।

# संपादकीय Editorial

## Karnataka's 'Mann Ki Baat'

Prime Minister Modi has given a call for Janata-Janardan through 'Mann Ki Baat'. Have been in constant contact with him. More than 100 crore people of the country have seen and heard this programme. Even the United Nations witnessed the live telecast of the 100th episode, but now Karnataka's 'Mann Ki Baat' is equally important. The time has come to know and listen to him. Karnataka is ruled by the BJP and has won the maximum number of seats in each Lok Sabha election from 2004 to 2019. Now the concern is of the Karnataka Assembly. The situation is like 'test of fire' of BJP, because the summary of the news that is coming out and the surveys that have been done is that there is an 'undercurrent' in favor of the Congress. Congress can be benefited. Expectations of a clear majority are also being expressed. BJP is dependent only on the calls, issues and popularity of Prime Minister Modi, so till May 7, 16 of his public meetings and roadshows have been decided. Karnataka is the only state where the Prime Minister has made 9 visits from January to April. Somehow the Prime Minister wants to stop the anti-incumbency wave in Karnataka, so efforts are also being made to get the mandate hung, so that the Congress can be kept out of power. BJP's strategy is to offer Janata Dal-SK Kumaraswamy the chief ministership and BJP can form a coalition government with JD-S. However, it will be clear on May 13 that in whose favor, how much, the mandate remains, but the people of Kannada are giving clear reactions on the government with 40 percent commission, Muslim reservation, caste census, local issues, farmers and revadis etc. Corruption and brokerage have become very ego issues. It is obvious that they are going against BJP only. However, Prime Minister Modi has tried to describe corruption as a 'bitter reality' across the country. Even on the 91 abuses that the Congress has given to the Prime Minister, the Prime Minister himself has tried to settle the anger and displeasure of the public. The Prime Minister wants to make Karnataka the 'number one' state of the country. Maximum foreign investment has come to Karnataka this time. Usually it has been coming in Mumbai, because it is the financial capital of the country. Industries are flourishing. The Prime Minister has termed the 'guarantees' of Congress and JD-S meaningless. Although it is not yet defined, what is the difference between public welfare and freebies? Definitions are being decided according to their own convenience. The Prime Minister has warned that both the opposition parties are "dynastic" and do not care for anyone outside the family. Keep giving statements whatever. Keep making promises. The issue of 'casteism' will also play a major role in Karnataka elections. There are three main regions in Karnataka. Old Mysore has been dominated by JD-S, Congress in Hyderabad Karnataka and BJP in Bombay Karnataka. This supremacy and mass base is there even today, but there may be a difference in the percentage. The entire focus of the BJP has been that if there is no double engine government in Karnataka, then the people there will be hit twice. Development may come to a standstill and anti-national organizations may be reactivated. To what extent these warnings of the Prime Minister and the BJP affect the elections and polarize the people towards the BJP, it will be clear only after the mandate. However, BJP leaders unofficially believe that 50-55 seats are in a state of indecision. The pan can tilt either way. Karnataka is a bastion for the BJP to make inroads into South India. If this collapses, BJP's unacceptability may increase in Kerala, Tamil Nadu, Telangana.

# Technology: India's strength will increase with quantum technology, data security will be strong

With the approval of the National Quantum Mission, India has become the seventh country in the world, which is doing research and development in quantum technology. Scientists from many countries including India are trying to develop quantum technology. In the digital age, whoever has the data is the power. Quantum computers will greatly increase the speed of data processing. It can store more data in less space and will make data processing and computing techniques more efficient, which will also reduce energy consumption. Today, many multinational companies and governments of different countries are spending a large part of the national defense budget on it to make quantum computers. Two weeks ago, the Government of India has also approved the National Quantum Mission. With this, India has become the seventh country in the world, which is doing research and development in quantum technology. The Union Cabinet chaired by the Prime Minister Modi has approved the National Quantum Mission on April 19, 2023 for the period 2023-24 to 2030-31 at a total cost of Rs 6,003.65 crore. According to the central government, this will help scientific and industrial research and development work. At present, six countries in the world have related technology, but all these countries are in the research and development stage. None of them have started any applications on quantum technology. In such a situation, now India is also going to match these countries. With quantum technology, information can be used in a fast and secure way. The Quantum Technology mission aims to develop intermediate-scale quantum computers with 50–1,000 physical qubits in eight years, using platforms such as superconducting and photonic technology. The mission aims to deliver inter-city quantum up to 2,000 km and set up a multi-node quantum network. The mission will also focus on developing highly sensitive magnetometers in atomic systems and atomic clocks for highly accurate timing, communication and navigation. Right now, it is a big problem to get some necessary information in a short time from a huge amount of data, which quantum computer can do very easily and quickly compared to conventional computers. Many encryption systems, such as those used in banking and security applications, are used in conventional computers, which are beyond a point unable to solve mathematical problems. Quantum computers can overcome these shortcomings. Additionally, they can be useful for scientific research, astronomical space missions, data protection, etc. According to quantum technology experts, quantum technology has the potential to revolutionize information processing. All information is encoded (written) in the binary system. Until a few years ago, quantum computing was just a theoretical fantasy even for scientists, but in the last two years the whole scenario has changed. The pace of progress in this direction can be gauged from the fact that not a complete quantum computer, but its processor or Central Processing Unit (CPU) has been launched in the market. Quantum technology may revolutionize the future. Thousands of new possibilities will be created in areas like health and science, security, pharmaceutical manufacturing and industrial manufacturing. Intense competition can also be seen in this direction in the coming days. Governments are most interested in using them in the defense sector, such as establishing highly secure communications or detecting enemy aircraft. But the big concern with quantum computers is solving its encryption codes. Until now encryption codes were considered reliable in terms of data security, which will be made easier by quantum computers.

# Change: RBI's draft circular is in the interest of the borrowers, penalty fee recovery will be curbed

The draft circular issued by the Reserve Bank of India calls for standardization of charges and stresses that the penalty is meant to make borrowers realize the mistake and should not be treated as a way to monetise the situation. This step is in the interest of borrowers, especially small borrowers. It is unfortunate that regulators in financial services often play their fair role too late. Banking sector regulator Reserve Bank of India has issued a draft circular – Fair Lending Regime: Penalties in Loan Accounts. The main objective of this circular is to restrict lending institutions, such as banks, non-banking financial institutions (NBFCs) and other institutions, from being permitted to levy penal charges on late payment of loans granted. Currently, all these institutions do not have any standardized rules on how much they can charge as penalties in case of delays or defaults by borrowers. Institutions have the freedom to determine how much penalty they wish to impose as long as the penalty is approved by the board of such lending companies. Often, the penalty fee is not outright, but is levied in the form of interest, which is often very onerous for a borrower who is already struggling with loan repayments. Take for example a monthly EMI (installment) of Rs 1,000, if the interest rate on the loan is 10 per cent and the penal rate of interest is one per cent per month, basically one per cent penalty per month on delay or default on the total outstanding loan And not just on the EMI, which is Rs 1,000. This arrangement proves very costly for any borrower and is unfair to them. The penalty should be a fixed amount and vary depending on the EMI range with the fee increasing depending on the quantum of EMI. Though belated, finally the Reserve Bank of India in its circular has taken note of the fact that lending institutions charge penal rates of interest much higher than the applicable interest rates, if the borrower fails to fulfill the conditions applicable at the time of loan sanction. defaults or non-compliance with them. RBI was not aware of any such huge penalty levied by the lending financial institutions, it is a mystery, as RBI is the watchdog to whom these institutions report and take action against such malpractices. Should have known about. The circular issued by the Reserve Bank of India called for standardization of charges and emphasized that the penalty is meant to make the borrowers realize the mistake and should not be treated as a way to monetise the situation. Think of late payment fees charged for late payment of school fees or phone bills, which are fixed in nature and do not vary in between. Apart from this, they are the same for all. In case of loans, the penalties differ not only for different borrowers but also according to the size of the loan taken from a lender. Therefore, a corporate entity is charged a relatively lower penalty (based on their outstanding loan) for delay in loan repayment as compared to a small-scale borrower taking a home loan. This discrepancy amounts to unfair practices and encourages big borrowers to default on payments, as they do not face strict action or heavy monetary penalties. So one can only guess how big corporate borrowers like Vijay Mallya not only defaulted on huge bank loans; Rather they are living a comfortable life abroad as well. The Reserve Bank of India has said that interest rates on credit facilities, including conditions for restructuring of interest rates, will be strictly governed by the relevant regulatory directions issued and lending institutions cannot introduce any additional component to the interest rate. This means that late and default penalties will not be part of the interest. Further, the rules will be the same for all borrowers and no preference will be given to them. This change in RBI's attitude is indeed heartening, but the time has come for regulators of all financial products to know the ground reality of how the entities under their purview actually function. The draft circular is currently open for comments and suggestions, which can be seen as an opportunity for the players to think about any aspect that may affect their way of functioning. A very interesting aspect of the draft circular is the Key Fact Statement (KFS), which is required to be displayed on the website of institutions giving details of various interest rates and service charges. For example, the penalty charge on loans for non-business purposes to individual borrowers cannot exceed the penalty charge applicable to companies and organizations. The details of all such penal charges should be disclosed to the borrowers in the loan agreement itself. This step of the Reserve Bank of India is favorable and in the interest of the borrowers, especially the small borrowers. The Reserve Bank and other regulators need to get their act right by becoming more involved and aware of the practices followed by the entities under their regulation.Banking sector regulator Reserve Bank of India has issued a draft circular – Fair Lending Regime: Penalties in Loan Accounts. The main objective of this circular is to restrict lending institutions, such as banks, non-banking financial institutions (NBFCs) and other institutions, from being permitted to levy penal charges on late payment of loans granted. Currently, all these institutions do not have any standardized rules on how much they can charge as penalties in case of delays or defaults by borrowers. Institutions have the freedom to determine how much penalty they wish to impose as long as the penalty is approved by the board of such lending companies. Often, the penalty fee is not outright, but is levied in the form of interest, which is often very onerous for a borrower who is already struggling with loan repayments. Take for example a monthly EMI (installment) of Rs 1,000, if the interest rate on the loan is 10 per cent and the penal rate of interest is one per cent per month, basically one per cent penalty per month on delay or default on the total outstanding loan And not just on the EMI, which is Rs 1,000. This arrangement proves very costly for any borrower and is unfair to them. The penalty should be a fixed amount and vary depending on the EMI range with the fee increasing depending on the quantum of EMI. Though belated, finally the Reserve Bank of India in its circular has taken note of the fact that lending institutions charge penal rates of interest much higher than the applicable interest rates, if the borrower fails to fulfill the conditions applicable at the time of loan sanction. defaults or non-compliance with them. RBI was not aware of any such huge penalty levied by the lending financial institutions, it is a mystery, as RBI is the watchdog to whom these institutions report and take action against such malpractices.

# ललित कौशिक समेत प्रापर्टी के पांच कारोबारियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- भाजपा नेता व मूंढापांडे के पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक व उनके पांच साथी एक बार फिर कानून की गिरफ्त में फंस गए हैं। नोएडा के रहने वाले एक रिटायर्ड कर्नल की बीवी ने ललित कौशिक व उसके साथियों पर धोखाधड़ी, कूट रचित दस्तावेज के आधार पर संपत्ति हड़पने, बंधक बनाकर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए मझोला पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ग्रेडर नोएडा की रहने वाली माला कुमारी पत्नी कर्नल ध्रुव कुमार ने एसएसपी को तहरीर दी। बताया कि उनके पति की पुस्तैनी मकान व जमींन बुलन्दशहर सिटी में है। बुलन्दशहर में बैनामा लेखक का काम करने वाला सुनील कुमार गुप्ता उनके पति के संपर्क में आ गया। पति की पुश्तैनी जमीन बिकवाकर सुनील गुप्ता ने एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी एसएल ग्रुप व एसोसिएट बनवाई। कंपनी का वह स्वयं मनोनीत संचालक बन गया। मार्च 2006 में पार्टनरशिप डीड के माध्यम से वह भी एक मुख्य पार्टनर बन गईं। कंपनी का आफिस एसएल टावर, अल्फा कमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा में है। कंपनी में वह 15 प्रतिशत की पार्टनर हैं। 21 मार्च 2006 को सुनील कुमार गुप्ता, लतेश गुप्ता, पल्लव अग्रवाल, सचिन कुमार, नाहर सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, राकेश गुप्ता, योगेश, अनुराधा ने मिलकर एक डीड अनुबंध पत्र तैयार किया। इसके तहत उन्होंने अपना 15 प्रतिशत भाग यानि कि कुल 85 लाख रुपये चेक व ड्राफ्ट के जरिए उन्होंने कम्पनी के खाते में जमा किया। फर्म का मुख्य उददेश्य कंस्ट्रक्शन के कार्यों का ठेका लेना था। 24 मई 2006 को सुनील गुप्ता ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण 9,000 वर्ग मीटर का प्लाट कंपनी के नाम आवंटित कराया।आवंटन के एवज में 56,76,407 रूपये का भुगतान कंपनी फंड से हुआ। प्लाट आवंटन के बाद सुनील कुमार गुप्ता ने कर्नल की बीवी को बगैर बताए उक्त प्लाट पर अपार्टमेंट बनाना व उसे बेचना शुरू कर दिया। महिला ने जब इस बावत पूछताछ की तो सुनील कुमार गुप्ता ने धमकी देना शुरू कर दिया। 26 नवंबर 2013 को एक अन्य पार्टनरशिप डीड बनाई गई। इसमें माला कुमारी के अलावा 12 अन्य व्यक्ति पार्टनर बनाये गए। पार्टनर में चन्द्रभान व अनिल तोमर का नाम शामिल है। जो भूमि वर्ष 2006 में 56,50,000 रूपये में खरीदी गई थी, उसका बाजारू भाव नए पार्टनर चन्द्रभान व अनिल तोमर को 10 करोड़ बताकर आधी जमीन का सौदा पांच करोड़ रुपये में कर दिया गया। एक अप्रैल 2014 को सुनील कुमार गुप्ता ने एक अतिरिक्त पार्टनरशिप डीड तैयार की। माला कुमारी को आर्थिक क्षति पहुंचाने की नीयत से साजिश रची गई। इसके तहत 85,00,000 रुपये हड़पने की योजना सुनील गुप्ता ने बनाई। पार्टनरशिप डीड के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन करते हुए आरोपी ने नये डीड में हिस्सेदार नहीं बनाया। तब पीड़िता व उनके पति ने सुनील कुमार गुप्ता से फर्म में लगाए गये अपने 85 लाख रूपये का हिसाब व इससे हुए फायदे का लेखाजोखा मांगा। तब आरोपी ने दंपति को सिर्फ मूल रकम 85 लाख रूपये ही वापस किया। प्लाट व अपार्टमेन्ट से हुआ लाभ देने से दो टूक इन्कार कर दिया। दबाव बनाने पर सुनील कुमार गुप्ता व उसके दूसरे पार्टनर चन्द्रभान पुत्र हरिराज निवासी मुरादाबाद दिल्ली रोड, ग्रीन आर्चड टालमटोल करने लगे। सुनील गुप्ता ने साजिश के तहत अपनी पत्नी लतेश गुप्ता व दोनों पुत्रो पल्लव कुमार और शशांक के साथ मिलकर एक अक्टूबर 2018 को एक फर्जी दस्तावेज तैयार किया।इसमें ललित कौशिक पुत्र जगत शर्मा निवासी एमडीए कालोनी को भी पार्टनर बनाया गया। महिला को जब फर्जी दस्तावेज का पता चला कि वह अपने पति के साथ एक दिसंबर 2020 को मुरादाबाद पहुंची। तत्कालीन एएसपी अनिल कुमार यादवसे मिले। दिल्ली रोड पर ग्रीन आर्चिड के सामने चन्द्रभान, सुनील गुप्ता, पल्लव गुप्ता, शशांक गुप्ता व ललित कौशिक ने दोनों को घेर लिया। असलहों के बल पर दंपति को अगवा कर आरोपी नये मुरादाबाद में एक खाली मकान में ले गए। वहां चन्द्रभान, पल्लव, शशांक तथा ललित कौशिक ने महिला व उसके पति को धमकाया और कहा कि वह दोबारा यहां नहीं आएंगे। आरोपियों ने दंपति की पिटाई करते हुए उनके वाहन में तोड़फोड़ भी की। तहरीर के आधार पर मझोला पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ईटीएम की खराबी ने अधिकारियों की उड़ाई नींद, रोडवेज सेवाएं बाधित होने से यात्री परेशान...प्रतिदिन लाखों का नुकसान




क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ई टिकट मशीन में खराबी के चलते यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है। निकाय चुनाव और सहालग के कारण यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। वहीं, अन्य जिलों से बसों की सेवाएं बाधित होने से यात्री परेशान हैं। इससे निगम को रोजाना लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। वहीं, विभाग ने गैरहाजिर चल रहे चालक-परिचालकों व उनका बचाव करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं। रोडवेज परिक्षेत्र के आरएम व सभी एआरएम की ई टिकट मशीन की खराबी ने दिन का चैन व रातों की नींद उड़ा रखी है। सोमवार की सुबह चार बजे ही क्षेत्रीय प्रबंधक परवेज खां और सहायक प्रबंधक नरेश कुमार मुरादाबाद डिपो पर पहुंच गए। जहां बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखनऊ, रायबरेली, पीलीभीत, हापुड़, मेरठ और गाजियाबाद जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी थी। यात्री गंतव्य को जाने के लिए परेशान थे। एआरएम नरेश कुमार ने बताया कि इन सभी जिलों से एक या दो बस ही आ रहीं हैं। वहीं यात्रियों की संख्या काफी है। यात्रियों को सुविधा देने को चालक-परिचालकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं हैं। कुछ संविदा चालक और परिचालक जो बिना बताए गैर हाजिर चल रहे हैं। उन पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे 09 चालक और 34 परिचालकों की संविदा समाप्त की जा रही है। लापरवाह कर्मचारियों को बचाने वाले स्टेशन इंचार्ज के खिलाफ एआरएम ने कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी है। पीतल नगरी डिपो के एआरएम प्रेम सिंह ने बताया कि कुछ परिचालक नये हैं। जिन्होंने मशीन के अलावा मेनुअल टिकट नहीं बनाया और न ही उन्हे स्टॉप और किराए की दरों की जानकारी है। इस कारण टिकट बनाने में देरी हो रही है। सफर में भी दोगुना समय लग रहा है। वहीं, निकाय चुनाव को लेकर संभागीय परिवहन विभाग द्वारा मुरादाबाद रोडवेज परिक्षेत्र के रामपुर डिपो से 30, मुरादाबाद डिपो से सात और पीतल नगरी डिपो से सात बसें अधिग्रहित की गईं हैं। 26 बसों के और अधिग्रहण की मांग भेजी गई है। वहीं, मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सुबह नौ बजे से 03 बजे तक के लिए दिल्ली ,अमरोहा, बिजनौर व धामपुर जाने वाली बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। जिससे यात्रियों की काफी परेशानी उठानी पड़ी। ई टिकट मशीन का डाटा हैक होने से रोडवेज सेवाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चालक-परिचालकों से अतिरिक्त सेवाएं ली जा रही हैं। चुनाव में बसों के जाने से समस्या बढ़ गई है। हालांकि दो दिन में ईटीएम चालू हो जाएगी।- परवेज खां, क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद रोडवेज

# आजम खां के बिगड़े बोल, संजय गांधी उड़ते जिंदा हैं, मिलते हैं नीचे हिस्सों में, कुदरत का इंतकाम बहुत सख्त



बादल के साथ-साथ सपा नेता आजम खां भी रविवार की रात जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि रामपुर वालों से किसी को कोई मतलब नहीं है, जो चिकनी-चुपड़ी बातें कर रहे हैं सब धोखा है। दरअसल ये लोग रामपुर के लोगों से बदला लेना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां ने सोमवार को एक बार फिर विवादित बयान दिया। रामपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आजम खां ने कहा कि मैंने इंदिरा गांधी का दौर देखा। राजीव गांधी से ज्यादा तो किसी के पास एमपी थे ही नहीं, लेकिन कुदरत जब इंतकाम लेती है तो ऐसा होता है कि संजय गांधी उड़ते हैं जिंदा... और मिलते हैं नीचे हिस्सों में। कुदरत का इंतकाम बहुत सख्त है। रामपुर नगरपालिका के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार के दौरान आजम खां ने योगी सरकार पर तंज कसा। बादल के साथ-साथ सपा नेता आजम खां भी रविवार की रात जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि रामपुर वालों से किसी को कोई मतलब नहीं है, जो चिकनी-चुपड़ी बातें कर रहे हैं

सब धोखा है। दरअसल ये लोग रामपुर के लोगों से बदला लेना चाहते हैं। इसलिए यहां के लोगों के हाथों में चाकू थमाने का इंतजाम किया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि यहां हालात वैसे बन जाए जैसा कि 40 साल पहले था। जब एक दिन में चार-चार मर्डर हुआ करते थे। सपा नेता आजम खां रविवार की रात मोहल्ला नालापार में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामपुर के बच्चे पढ़े-लिखे नहीं इसकी साजिश रची जा रही है। इसके लिए स्कूल बंद कराए जा रहे हैं। रामपुर पब्लिक स्कूल बंद करा दिया गया,. बिल्डिंग खाली करा ली गई। पूरे हिंदुस्तान में ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा कि जिस स्कूल में 1600 बच्चे पढ़ते हों उसे बंद करा दिया गया। यूनिवर्सिटी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके पीछे सिर्फ एक वजह है कि यहां बच्चे पढ़े नहीं है। रामपुर पब्लिक स्कूल में मामूली फीस में बच्चे अच्छी तालीम हासिल करते थे लेकिन इनको ये गंवारा नहीं है। यूनिवर्सिटी की वजह से बनारस और अलीगढ़ की पहचान है।

हम रामपुर की पहचान भी वैसा ही बनाना चाहते थे। आजम खां ने कहा कि विकास का दावा करने वाले अब तक एक फ्यूज बल्ब नहीं बदलवा सके हैं। हमने जो विक्टोरिया लाइटें लगवाई थीं, उसको उतार कर ले गए। हमने जो गेट बनवाए थे उनका नाम बदल दिया। अरे, नाम ही रखना है तो कुछ नया बनवा लिया होता, पुराने का नाम क्यों बदल रहे हो। नाम भी पूरी तरह नहीं बदला, एक-एक गेट पर दो-दो नाम लिखे हुए हैं। ये तो कारनामे हैं इनके।

आजम खां ने कहा कि तुमने तो हमसे कलम भी नहीं मांगी थी,

लेकिन मैंने कलम का इंतजाम किया। इलाज के लिए अस्पताल बनवाया है। उन्होंने कहा कि अगर मैंने अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का इंतजाम न किया होता तो कोरोना की पहली और दूसरी लहर में न जाने कितने लोग मर गए होते। हमारे ही मेडिकल कॉलेज की इमारत इस्तेमाल हुई कोरोना के काल में। उन्होंने कहा कि गमों की रात लंबी जरूर है, लेकिन इससे डरो मत, सूरज बन जाओ।

# बेरोजगार पुरुष शिक्षक कर्मचारी बोले, अपने बच्चों को कहां से खिलाएंगे खाना

मुरादाबाद - जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में तैनात करीब पुरुष कर्मचारियों की संविदा महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा समाप्त कर दी गई है। इसकी वजह से पिछले 13 से 15 वर्षों से कार्यरत पुरुष कर्मचारियों के समक्ष परिवार के पालन-पोषण पर संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि अब सरकार या अधिकारी ये बताएं कि बिना हमारी गलती के हमसे रोजगार क्यों छीना। अब हम अपने बच्चों को खाना कहां से खिलाएंगे।मुरादाबाद जनपद में नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षक, लेखाकार, चपरासी और चौकीदारों के पद पर करीब 35 पुरुष कर्मचारी तैनात हैं। 25 अप्रैल को महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा परियोजना समिति को पत्र जारी किया गया। पत्र के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए शैक्षिक-शिक्षणेत्तर कार्मिकों के पदों पर केवल महिला कार्मिकों का नवीनीकरण करने व रिक्त पदों पर महिला अभ्यर्थियों के नवीन चयन-पदस्थापन किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह का कहना है कि इस पत्र के बाद अब अस्थाई पुरुष कर्मचारियों की संविदा नवीनीकरण नहीं हो सकेगी। फरवरी में पूरा हो गया था कार्यकाल ~ कर्मचारियों का कहना है कि उनका कार्यकाल 28 फरवरी तक था। इसके बाद वह मार्च और अप्रैल माह में ड्यूटी किए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें इन दो महीनों का वेतन नहीं मिला है। ऐसे में यदि संविदा नवीनीकरण नहीं हुआ तो इन दो माह का वेतन मिलने में भी मुश्किल आ जाएगी।

## बाल काटने के मामले की जांच के लिए सेंट मीरा अकादमी पहुंची टीम

मुरादाबाद। सेंट मीरा अकादमी में विद्यार्थियों के बाल काटने के मामले में टीम जांच करने के लिए पहुंची। डीआईओएस का कहना है कि स्कूल ने अपना पक्ष रखने के लिए मंगलवार तक का समय मांगा है। 28 फरवरी को सेंट मीरा अकादमी शाखा कांशीराम नगर के कुछ विद्यार्थियों के बाल अनैतिक ढंग से काटने के मामले की जांच के लिए बोर्ड ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया था, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षण डॉ. अरुण कुमार दुबे, प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय रामपुर अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल सविता सिंह, प्रधानाचार्य केसीएम स्कूल सुरिंदर सिंह को शामिल किया गया है। जांच टीम विद्यालय पहुंची। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे का कहना है कि बोर्ड द्वारा भेजे गए बिंदुओं पर हमने जांच की। स्कूल ने जवाब देने के लिए मंगलवार तक का समय मांगा है।

# सेवानिवृत्त कर्नल को बंधक बनाकर पीटा, बिल्डर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत पांच पर केस

मुरादाबाद। ग्रेटर नोएडा के सेवानिवृत्त कर्नल ध्रुव कुमार की पत्नी माला कुमार ने धोखाधड़ी और बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगाया है।

इस मामले में मझोला थाने में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक और बिल्डर, चंद्रभान सिंह, कुलदीप गुप्ता समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ग्रेटर नोएडा के टाउनशिप निवासी माला कुमार ने मझोला थाने में दिल्ली रोड स्थित ग्रीन ऑर्चिड निवासी सुनील गुप्ता, चंद्रभान सिंह, सुनील गुप्ता के बेटे पल्लव और शशांक और दीन दयाल नगर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें महिला ने बताया कि उनके पति ध्रुव कुमार भारतीय सेना से कर्नल के पद से सेवानिवृत्त हैं।

माला ने बताया कि उनके पति की बुलंदशहर में पुश्तैनी मकान और जमीन है। 2006 में बुलंदशहर में उनकी मुलाकात सुनील कुमार गुप्ता से मुलाकात हुई थी। सुनील बुलंदशहर में डीड राइटर का काम करते थे। इस दौरान उन्होंने अपनी फर्म में पार्टनर बनाकर प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़ने के लिए कहा था। आरोपियों ने पति की पुश्तैनी जमीन और मकान बिकवा दिया।

इसके बाद झांसे में आकर मैसर्स एसएल ग्रुप एंड एसोसिएशन फर्म में 85 लाख रुपये देकर कर्नल ध्रुव कुमार साझेदार बन गए। इसके बाद आरोपियों ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से नया मुरादाबाद में नौ हजार वर्ग मीटर प्लाट अपार्टमेंट बनवाने के लिए आवंटित कराया। इसके बाद प्लॉट पर ग्रीन आर्चिड नाम से अपार्टमेंट बनवाने लगे। इसी दौरान पति-पत्नी को पता चला कि आरोपियों ने एक फर्जी डीड तैयार कर ली है। जिसमें चंद्रभान सिंह, अनिल तोमर को नया पार्टनर बना लिया है।

आरोपियों ने डीड से उनकी हिस्सेदारी खत्म कर दी। पति-पत्नी ने इसका विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगे। ज्यादा दबाव बनाने पर आरोपियों ने मूलधन 85 लाख रुपये अलग-अलग खातों के जरिए उन्हें वापस कर दिया लेकिन फर्म से खरीदी गई जमीन और उसके लाभ को देने से साफ इनकार कर दिया। एक दिसंबर 2020 को पति पत्नी मुरादाबाद के तत्कालीन एएसपी अनिल कुमार यादव से शिकायत करने आए थे। यहां से लौटते समय आरोपियों ने दंपती को नया मुरादाबाद में ग्रीन आर्चिड अपार्टमेंट के सामने उन्हें रोक लिया और इसके बाद आरोपी सुनील कुमार गुप्ता, उनका बेटा पल्लव गुप्ता, शशांक गुप्ता, चंद्रभान सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक उन्हें ग्रीन आर्चिड अपार्टमेंट के कमरे में ले गए और पिस्टल और रायफल लगाकर धमकी दी थी। कुछ दिन बाद पति पत्नी दोबारा आए तो फिर से आरोपियों ने बंधक बनाकर पीटा था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# अखिलेश के निशाने पर सीएम योगी, बोले- गोरखपुर में खत्म न होते मुकदमे तो लंबी होती चार्जशीट की फेहरिस्त




अखिलेश यादव आज सहारनपुर में निकाय चुनाव के लिए रोड शो किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बसपा का लक्ष्य भाजपा को हराना नहीं है, बल्कि सपा को रोकना है। भाजपा का काम नफरत फैलाना है। स्मार्ट सिटी सिर्फ नाम की है। अरबों रुपये स्मार्ट सिटी के नाम पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में अपने ऊपर दर्ज मामलों को सीएम खत्म न कराते तो चार्जशीट की फेहरिस्त बहुत लंबी होती। आसपा प्रमुख चंद्रशेखर बोले कि परिवर्तन जरूर आएगा। सहारनपुर में मंडी समिति रोड स्थित एक सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनता से नगर निकाय चुनाव में सपा, आसपा और रालोद गठबंधन प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। कहा कि भाजपा सरकार छह वर्षों में सपा सरकार के कार्यों को ही पूरा नहीं करा पाई है। आज जो बिजली मिलती है, उसके लिए सपा सरकार ने काम किया था।

## शहर में किया रोड शो

अखिलेश यादव ने मंगलवार को महापौर पद के प्रत्याशी नूर हसन मलिक और पार्षद पदों के प्रत्याशियों के लिए महानगर में रोड शो किया। इस दौरान सपा प्रत्याशियों से लेकर कार्यकर्ताओं तक में उत्साह का माहौल दिखा। सपा ने चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में ताकत झोंक दी थी। सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने बताया कि अखिलेश यादव आज वायुयान से सरसावा एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से वह कार के माध्यम से सहारनपुर पहुंचे हैं। वहीं, दोपहर बाद उनका रोड शो थाना कुतुबशेर से प्रारंभ हुआ। रेंच के पुल, पुल कंबोहान और रायवाला होते हुए खाताखेड़ी स्थित वुडेन सिटी में रोड शो कर सपा प्रत्याशियों का प्रचार किया गयामंत्रियों व विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर नगरीय निकाय चुनाव निर्याणक मोड़ पर आ गया है। सहारनपुर में इस चुनावी रण में राज्यमंत्री दिनेश खटीक, बृजेश सिंह के अलावा विधायक आशु मलिक की प्रतिष्ठा दांव पर है। बता दें कि जिले में दो मंत्रियों व एक विधायक के परिजन और परिचित चुनाव मैदान में है। इनके अलावा पूर्व विधायकों के लिए भी निकाय चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। उन्होंने ने भी कस्बों की सरकार बनाने के लिए अपने परिजनों और परिचितों को चुनाव लड़ा रहे हैं।

## 2765 कर्मचारी कराएंगे मतदान

नगरीय निकाय चुनावों में मतदान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर निगम में मतदान के लिए 553 मतदान स्थल बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान स्थल पर एक पीठासीन अधिकारी सहित पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनके अलावा दस प्रतिशत कर्मचारी अतिरिक्त रहेंगे। नगर निगम चुनाव में मतदान कराने के लिए 2765 कर्मचारी लगाए जाएंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम चुनाव में 621450 मतदाताओं के लिए 553 मतदान स्थल बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान स्थल पर पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनमें एक पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी और चतुर्थ मतदान अधिकारी शामिल होंगे। मतदान के लिए 2765 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इनके अलावा 271 कर्मचारियों को अतिरिक्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मचारियों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 125 वाहनों का प्रयोग किया जाएगा। इनमें 112 बड़ी बसें और 13 मिनी बसें शामिल होंगी। इनके अलावा दो बसों को आरक्षित रखा जाएगा।

# अब ऑनलाइन लीजिए टिकट और चांदनी में निहारिए ताज, महीने में पांच दिन मिलेगी सुविधा



आगरा में अब रात में ताजमहल देखने के लिए ऑनलाइन टिकट की सुविधा शुरू हो गई है। अब ऑनलाइन टिकट लेकर चांदनी रात में ताज निहारिए। यह सुविधा महीने में पांच दिन मिलेगी।ताजनगरी आगरा में दुनिया के अजूबे ताजमहल को चांदनी रात में निहारने के लिए ऑनलाइन टिकट सुविधा सोमवार से शुरू हो गई है। टिकट के लिए अब माल रोड स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पहले रात्रि में ताज देखने से एक दिन पहले सिर्फ ऑफलाइन टिकट लेना पड़ता था। इस कारण से बड़ी संख्या में सैलानी चांदनी रात में ताज का दीदार नहीं कर पाते थे। अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि ऑनलाइन टिकट उपलब्ध हैं। मंगलवार को इसकी सूचना आगरा सर्किल, एएसआई व अन्य वेबसाइट पर भी उपलब्ध करा दी जाएगी। रात्रि में ताज देखने को महीने में सिर्फ पूर्णिमा, पूर्णिमा से दो दिन पहले और दो दिन बाद कुल पांच दिन होंगे। रात 8:30 से 12:30 बजे आठ बैच में 50-50 पर्यटकों के समूह में अधिकतम 400 लोग एक दिन में ताजमहल देख सकेंगे। प्रत्येक ग्रुप को 30 मिनट का समय मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय पर्यटक के लिए रात्रि में ताज देखने का टिकट 510 रुपये, विदेशी पर्यटक के लिए 750 रुपये और तीन से 15 साल तक बच्चों के लिए 500 रुपये का टिकट मूल्य है। प्रत्येक शुक्रवार, रमजान और विशेष अवसर पर ताज बंदी के दौरान रात्रि में ताज नहीं देख पाएंगे।

## नाइट कल्चर होगा विकसित

रात्रि में ताज देखने को ऑनलाइन टिकट शुरू होने से शहर में नाइट कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। रात में पर्यटक रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने नाइट विजिट के लिए 24 ऑनलाइन टिकट की व्यवस्था के निर्देश दिए थे।

## 1.56 करोड़ पर्यटक आए, नाइट विजिट 32 हजार ही कर पाए

पिछले पांच साल में ताजमहल का दीदार करने के लिए 1.56 करोड़ पर्यटक आगरा आए। इनमें से महज 32 हजार ही रात्रि में ताज देख पाए। कुल आए पर्यटकों की तुलना में 0.2 फीसदी ही। यह खुलासा जनसूचना अधिकार (आरटीआई) से हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन ने आरटीआई के तहत 2018 से 2023 तक पांच साल में आए पर्यटक व रात्रि में ताज देखने वालों की सूचना मांगी थी। एएसआई ने आरटीआई से यह जानकारी दी। केसी जैन ने बताया कि प्रतिदिन 400 पर्यटक रात्रि में ताज देख सकते हैं।

इस तरह पांच दिन में दो हजार और एक साल में करीब 20 हजार पर्यटक रात्रि में ताज देखने के लिए आने चाहिए। पिछले पांच साल में यह आंकड़ा एक लाख होना चाहिए था। जबकि महज 32,628 पर्यटकों ने चांदनी रात में ताज को निहारा। इसकी एक मुख्य वजह ऑनलाइन टिकट सुविधा न होना था।

पहले सिर्फ ऑफलाइन टिकट मिलता था पर्यटक को रात्रि में ताज देखने के लिए एक दिन पहले ऑफलाइन टिकट लेना पड़ता था। इसके लिए उसे दो दिन में शहर में रुकना पड़ता था। अब ऑनलाइन टिकट शुरू होने से 24 घंटे पर्यटकों के लिए सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे रात्रि प्रवास और ताज में रात्रि में ताज देखने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

# भाजपा, सपा दिखा रहे दम तो सोनू किन्नर भी नहीं किसी से कम, ये हैं चेयरमैन पद के प्रत्याशी




चंदौली जिले के एकमात्र नगर पालिका परिषद पीडीडीयू नगर के चेयरमैन पद के लिए कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें बसपा, सपा, भाजपा और कांग्रेस के चार प्रत्याशियों के साथ दो निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सोनू किन्नर को लेकर इस नगर में चहुंओर चर्चा का माहौल है। सोनू को अन्य प्रत्याशियों की तरह लोग सम्मान दे रहे हैं।कभी उपेक्षा के दृष्टि से देखे जाने वाले किन्नरों के प्रति समाज का नजरिया बदल रहा है। इसकी बानगी इस समय पीडीडीयू नगर में देखी जा सकती है। नगर निकाय चुनाव में इस बार पालिका चेयरमैन पद के प्रत्याशी सोनू किन्नर भी हैं। आलम यह है कि भाजपा, कांग्रेस और सपा के प्रत्याशियों के साथ लोग सोनू किन्नर को भी हाथों हाथ ले रहे हैं।

सोनू किन्नर अन्य प्रत्याशियों को बराबरी का टक्कर दे रहे हैं। चंदौली जिले के एकमात्र नगर पालिका परिषद पीडीडीयू नगर के चेयरमैन पद के लिए कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें बसपा, सपा, भाजपा और कांग्रेस के चार प्रत्याशियों के साथ दो निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सोनू किन्नर को लेकर इस नगर में चहुंओर चर्चा का माहौल है। सोनू को अन्य प्रत्याशियों की तरह लोग सम्मान दे रहे हैं। जैसे अन्य प्रत्याशियों के साथ लोग प्रचार में घूम रहे हैं उसी प्रकार सोनू किन्नर के साथ आठ-दस की संख्या में किन्नर हैं, बाकी नगर के कई युवा और अन्य लोग उनका समर्थन कर रहे हैं।कभी उपेक्षा की दृष्टि से देखे जाने वाले किन्नरों के प्रति लोगों का यह नजरिया भारत के सुंदर लोकतंत्र की झलक है। संविधान ने स्त्री पुरूष के साथ किन्नरों को भी लोकतंत्र में समान अधिकार प्रदान किया है। लेकिन काफी दिनों तक लोग इसे स्वीकार नहीं करते थे पर पीडीडीयू नगर का एक किन्नर प्रत्याशी के प्रति माहौल देखकर कहा जा सकता है कि अब लोग इन्हें भी समाज का अभिन्न अंग मानने लगे हैं। चुनाव परिणाम चाहें जो भी हो, पर नगर में लोकतंत्र की जीत पहले ही हो चुकी है।

## भगवान शिव का रूप है अर्धनारीश्वर

बातचीत में सोनू किन्नर ने कहा कि हमें जरा सा भी अफसोस नहीं होता कि हमे भगवान ने यह शरीर क्यों दिया है। देवों के देव महादेव का खुद का एक रूप अर्धनारीश्वर का है। अन्य लोगों का जन्म स्वार्थ के लिए हुआ है पर हमारा जन्म ईश्वर ने केवल और केवल खुशियां बांटने और आशीर्वाद देने के लिए दिया है। लोगों के साथ आने की बात पर सोनू की आंख भर आई और कहा नगर के लोग काफी इज्जत दे रहे हैं। अब लग रहा है कि हम भी समाज में समान के हकदार हैं।




# अस्थमा रोगी न पड़ें मछली खाने या पूर्णिमा की खीर के भ्रम में, डॉक्टरों ने बताया उपचार



डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शरद पूर्णिमा की खीर, मछली या फिर गर्म दिये से दागने के अवैज्ञानिक उपाय अस्थमा का उपचार नहीं हैं। ये महज एक प्रकार की भ्रांतियां हैं। ये उपचार उस समय दिए जाते हैं, जब इस बीमारी का असर कमजोर होता हैविश्व अस्थमा दिवस दो मई यानि आज मनाया जा रहा है। इस मौके पर एसएन मेडिकल कॉलेज के वक्ष एवं क्षय रोग विभाग में अस्थमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्थिति के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी थीम अस्थमा केयर फॉर ऑल रही। इस दौरान निःशुल्क स्पाइरोकैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक मरीजों की जांच और स्वास्थ्य सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में बोलते हुआ विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शरद पूर्णिमा की खीर, मछली या फिर गर्म दिये से दागने के अवैज्ञानिक उपाय अस्थमा का उपचार नहीं हैं। ये महज एक प्रकार की भ्रांतियां हैं। ये उपचार उस समय दिए जाते हैं, जब इस बीमारी का असर कमजोर होता है। ऐसे में मरीजों को लगता है कि उन्हें आराम मिल गया है, लेकिन ऐसा नहीं है ये नियमित दवा न लेने से ये बीमारी गंभीर होती जाती है। एसएन मेडिकल कॉलेज के वक्ष एवं क्षय रोग विभाग में इस दौरान निःशुल्क स्पाइरोकैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक मरीजों की जांच और स्वास्थ्य सलाह दी गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सनी यादव, कुशाल शाक्य, राजा यादव, रॉविन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## असाध्य बीमारी है अस्थमा

डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि अस्थमा को आम भाषा में दमा भी कहा जाता है। यह फेफड़ों को प्रभावित करने वाली एक ऐसी असाध्य बीमारी है, जो अगर किसी व्यक्ति को हो जाए तो यह जिंदगी भर रहती है। आज विश्व अस्थमा दिवस इस लेख के माध्यम से हम आपको अस्थमा से जुड़ी समस्याओं और उपचार के बारे में बताएंगे।

## आगरा में सात प्रतिशत बच्चे इस रोग से ग्रसित

विश्व स्वस्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में अस्थमा के लगभग 26.2 करोड़ रोगी हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिसीसेस स्टडी 2019 के आंकलन के अनुसार भारत में ही लगभग 3.4 करोड़ व्यक्ति अस्थमा से पीड़ित हैं इस प्रकार दुनिया के 13 प्रतिशत रोगी भारत में है।

इंसर्च अध्यन के अनुसार भारत में लगभग 2 प्रतिशत वयस्क अस्थमा रोग से ग्रस्त हैं, वहीं देश के विभिन्न शहरों में किये गए अध्यनों में 5 से 18 प्रतिशत तक बच्चे इस लाइलाज रोग से पीड़ित मिले। हमारे द्वारा किये गए शोध में आगरा के लगभग 7 प्रतिशत बच्चों में यह रोग पाया गया । हर साल तकरीबन ढ़ाई लाख मौत इस बीमारी के कारण होती हैं।

# बिलावल भुट्टो का विरोध: मौलाना शहाबुद्दीन बोले- भारत आने से पहले माफी मांगें पाकिस्तान के विदेश मंत्री



मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के भारत दौरे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो भारत आने से पहले अगर माफी नहीं मांगते हैं तो मुसलमान उनका विरोध करेंगे। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि चार मई को एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस होने जा रही है, जिसमें पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं। बीते दिनों बिलावल भुट्टो ने यूएनओ में एक भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ बोला था। जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को जायज ठहराया था। मौलाना ने कहा कि बिलावल भुट्टो भारत आने से पहले हमारे देश के लोगों से माफी मांगें। अगर वो माफी नहीं मांगते हैं तो उनको भारत में घुसने नहीं दिया जाएगा। उनका हर जगह और हर स्तर पर मुस्लिम जमात के कार्यकर्ता विरोध करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट अंग

मौलाना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट अंग है। इस पर कहीं भी और किसी भी सूरत में हम समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। गुलाम कश्मीर जो पाकिस्तान में है वो भी भविष्य में बहुत जल्द भारत का हिस्सा होगा। गुलाम कश्मीर की आवाम रोजाना पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है। वहां की आवाम भारत के साथ मिलना चाहती है। उन्होंने कहा कि गुलाम कश्मीर में लोगों की आवाज को ताकत के जोर पर दबाया और कुचला जा रहा है। गुलाम कश्मीर में हालात बहुत खराब है। आर्थिक तंगी और भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तानी हुकूमत का कंट्रोल एक तरह से खत्म हो चुका है। इन तमाम सूरत-ए-हाल के बावजूद पाकिस्तानी सरकार के मंत्री भारत के खिलाफ विभिन्न मंचों पर जहर उगलने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# कांग्रेस सभासद प्रत्याशी श्री संजीव गुप्ता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- वार्ड नंबर 24 महाराणा प्रताप नगर से कांग्रेश सभासद प्रत्याशी श्री संजीव गुप्ता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सीमा गुप्ता ने किया इस अवसर पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि पीसीसी सदस्य मोहम्मद इरफान एडवोकेट पूर्व सभासद सुभाष सागर सेवा दल के वरिष्ठ नेता अरुणेश गुप्ता एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आकाश तिवारी संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता जितेंद्र सिंह देवेंद्र प्रताप लोधी मधुकांत कश्यप दिनेश मिश्रा एडवोकेट जयप्रकाश गुप्ता प्रमोद गुप्ता नीरज गुप्ता राजीव गुप्ता गौरव गुप्ता दीपक गुप्ता रितिक गुप्ता नैतिक गुप्ता आदित्य गुप्ता रौनक गुप्ता हकीम चांद मोहम्मद सचिन गुप्ता हीरा पाराशर विनीता गुप्ता सुमन गुप्ता सरोज गुप्ता बीना कश्यप आदि लोग शामिल थे

# जलाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फंदे पर लटकी किशोरी, महिला स्वास्थ्य कर्मी की थी भांजी

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ़ में जलाली कस्बे के माजरा नगरिया भूड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में की दोपहर सोलह वर्षीय किशोरी ने पंखे से दुपट्टे के फंदे पर लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच की। मामले में एक एंबुलेंस चालक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन थाना प्रभारी ने किसी को हिरासत में लिए जाने से इंकार किया है।

जलाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक महिला कर्मचारी नगरिया भूड़ स्थित सीएचसी के आवासीय परिसर स्थित एक मकान में बच्चों के साथ रहती हैं। बताते हैं कि करीब एक माह पहले ही उनकी 16 वर्षीय भांजी छुट्टी बिताने आई थी। की दोपहर ड्यूटी समाप्त कर महिला स्वास्थ्य कर्मी अपने बच्चों के साथ आवास पर पहुंची और आवाज दीं लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

इस पर उन्हें चिंता हुई। वह मकान के पीछे की ओर बनी खिड़की पर पहुंचीं और अंदर झांका तो पंखे पर दुपट्टे के सहारे उनकी भांजी लटक रही थी। इस पर उन्होंने शोर मचाकर लोगों को बुलाया। तत्काल ही दरवाजा तोड़कर लोग अंदर घुसे और किशोरी को फंदे से नीचे उतारा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक प्रवेंद्र कुमार ने थाना पुलिस को बुला लिया। इसके बाद फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। महिला स्वास्थ्य कर्मी के अनुसार उनकी भांजी ने एक कॉपी में सुसाइड नोट भी लिखा है। चर्चा है कि इसी परिसर में रहने वाले एक एंबुलेंस चालक को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी बृजलाल सिंह का कहना है कि उन्हें न तो सुसाइड नोट की जानकारी है और न ही पूछताछ के लिए पुलिस ने किसी को पकड़ा है।

# हर दल को अपना पुराना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में 10 निकायों के लिए हो रहे निकाय चुनाव में भाजपा के सामने सत्ता की साख बचाने की चुनौती है। एटा के सांसद राजवीर सिंह, प्रभारी मंत्री संदीप सिंह व जनप्रतिनिधियों के कंधों पर भाजपा का झंडा निकायों में फहराने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने वर्ष 2017 में दो नगर निकायों पर जीत दर्ज की थी। सपा व बसपा ने दो-दो निकायों व निर्दलीय उम्मीदवारों ने तीन निकायों में परचम लहराया था। नगर निकाय चुनावों में परचम लहराने के लिए भाजपा नेता फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। निकायों में अध्यक्ष पदों के उम्मीदवार को जिताने के लिए एटा के सांसद राजवीर सिंह, प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी लगातार चुनाव की कमान संभाले हुए हैं। जिले की हर निकाय पर भाजपा ने प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिससे चुनाव के दौरान कोई चूक न होने पाए। निकाय चुनावों में भाजपा बेहतर प्रबंधन के साथ काम कर रही है। भाजपा ने वर्ष 2017 में सोरों व गंजडुंडवारा नगर पालिका परिषद व सिढ़पुरा नगर पंचायत अध्यक्ष पदों पर जीत दर्ज की थी। ऐसे में तीन निकायों के साथ अन्य निकायों पर जीत हासिल करना भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। सपा, बसपा व निर्दलीय उम्मीदवारों से भाजपा उम्मीदवारों से चुनौती मिल रही है। हर दल में बागी भी रास्ते का रोड़ा बन रहे हैं। **वर्ष 2017 के निकाय चुनाव के परिणाम**-03 निकायों में भाजपा ने की जीत दर्ज, 02 निकायों में सपा ने की थी जीत दर्ज, 02 निकायों में बसपा ने की थी जीत दर्ज, 03 निकायों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने की थी जीत दर्ज

# परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस स्थित नारी उत्थान केंद्र पर संचालित परिवार परामर्श केन्द्र में आज दिनांक 02.05.2023 को आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर एक खड़े परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया वादी- साबरीन फातिमा पुत्री अलैफान निवासी ग्राम रार पट्टी थाना कोतवाली देहात जिला एटा प्रतिवादी शफीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी पंजाब पुरा थाना कोतवाली नगर जिला एटा आज की बैठक में उ0नि0 मंजीत सिंह, काउंसलर दुष्यंत यादव पुलिस स्टाफ से म0 है0 कां0 मिथलेश, कां0 गौरी, कां0 पूजा उपस्थित रहे।

# पुत्रवधू से थे संबंध, उसकी बेटी के साथ भी करना चाहता था गंदा काम, चाकू से गोदकर कर दी हत्या

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ़- अलीगढ़ के सब्जी व्यापारी की हत्या का खुलासा हो गया है। डिबाई के रहने वाले प्रदीप ने चाकू से गोदकर हत्या की। मृतक के प्रदीप की पुत्रबधू से संबंध थे, अक्सर घर आता था। वह उसकी बेटी से भी संबंध बनाना चाहता था। यह बात प्रदीप को नागवार गुजरी और उसने हत्या को अंजाम दिया। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-तीन थाना क्षेत्र में की गई अलीगढ़ के सब्जी व्यापारी चांद मलिक की हत्या के आरोप में पुलिस ने डिबाई (बुलंदशहर) निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। प्रदीप फिलहाल नोएडा फेज-दो में रह रहा था।

चांद मलिक के प्रदीप की पुत्रवधू से संबंध थे और वह उसकी बेटी से भी संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था। इसकी जानकारी होने पर चाकू से तबाड़तोड़ वार कर चांद मलिक की हत्या कर प्रदीप भाग गया था। सब्जी व्यापारी की जेब से मिले अलीगढ़ के रेल टिकट से पुलिस आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने अलीगढ़ और गोंडा आदि शहरों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर प्रदीप को गिरफ्तार किया। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि आईटीबीपी कैंप के पास सुबह युवक का शव मिला था। उसकी जेब में अलीगढ़ का रेल टिकट था। इसके आधार पर युवक की पहचान और हत्यारोपियों की तलाश शुरू की गई। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद मृतक की पहचान अलीगढ़ के थाना रोरावर के गांव अलहदादपुर नींवरी निवासी चांद मलिक के रूप में हुई। आरोपी खून से सने अपने कपड़े हिंडन नदी में फेंकने आया था, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि उसे पता चला था कि उसकी पुत्रवधू से चांद मलिक के संबंध थे। इस वजह से वह अक्सर घर आता था।

वह बेटी से भी संबंध बनाने की कोशिश में था। चांद मलिक के दिल्ली में ही शादी के पहले से ही प्रदीप की पुत्रवधू से संबंध थे।

## साइकिल पर बैठाकर लाया था

चांद मलिक अलीगढ़ स्थित अपने घर गया था वह अलीगढ़ से ट्रेन से दादरी आया और फेज-दो स्थित प्रदीप के घर पहुंच गया। प्रदीप उसे शराब पीने के बहाने बुलाकर ले गया। आरोपी ने पहले उसे शराब पिलाई और फिर साइकिल पर बैठाकर आईटीबीपी शिविर के पास एकांत स्थान पर ले आया। यहां प्रदीप ने चांद मलिक के पेट में चाकू ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

# मान्यता समाप्ति मामले में 42 स्कूलों से नहीं आया जवाब

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- यू-डायस पोर्टल पर छात्रों का डाटा अपलोड न करने वाले 42 विद्यालयों ने अभी तक शिक्षा विभाग को नोटिस का जवाब नहीं दिया है। जवाब देने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद ने 28 अप्रैल तक का समय दिया था। जवाब न देने वाले विद्यालयों को विभाग पुन नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है। दूसरे नोटिस का जवाब न देने पर विद्यालयों की मान्यता समाप्त की जाएगी। यू डायस पोर्टल पर स्कूल, शिक्षक ओर छात्रों का डाटा अपलोड करने के निर्देश बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद के सभी विद्यालयों को दिए गए। इसमें से 42 विद्यालयों ने कोई छात्रा यू-डायस पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

इसके बाद संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर 28 अप्रैल तक जवाब देने को कहा गया था। साथ ही डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय पूरा होने के बाद भी इन विद्यालयों ने कोई जवाब बेसिक शिक्षा विभाग को नहीं दिया है। 42 विद्यालयों को यू-डायस पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने पर मान्यता प्रत्याहरण संबंधी नोटिस दिए गए थे। नोटिस का जवाब देने के लिए 28 अप्रैल तक का समय दिया गया था। इस दौरान किसी भी विद्यालय का जवाब नहीं आया है। इनको पुन दूसरा नोटिस दिया जाएगा। दूसरे नोटिस का जवाब न आने पर मान्यता समाप्त की जाएगी।- संजय सिंह, बीएसए, एटा


# हत्या की घटना में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना सकीट पुलिस को मिली सफलता, थाना सकीट पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सकीट श्री संगम लाल मिश्रा के नेतृव में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सकीट पुलिस द्वारा थाना सकीट पर पंजीकृत मु0अ0स0 87/2023 धारा 147,148,149,302 भादवि की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त मौहम्मद जुनैद उर्फ सवलू पुत्र हारून (बडे) नि0 उसहैत थाना कोतवाली उसैत जिला बदांयू हाल पता मौहल्ला काजी कस्बा व थाना सकीट जिला एटा व एक अभियुक्ता निवासी मौहल्ला काजी कस्बा व थाना सकीट जिला एटा को दिनांक 01.05.2023 को मुखबिर की सूचना पर सावालात अड्डा थाना सकीट के पास से समय करीब 16.31 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नामपता- मौहम्मद जुनैद उर्फ सवलू पुत्र हारून (बडे) नि0 उसहैत थाना कोतवाली उसैत जिला बदांयू हाल पता मौहल्ला का 3.का0 बिजेन्द्र सिंह 4.म0का0 अंजू सैनी

# एटा में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- जनपद न्यायालय एटा के केंद्रीय सभागार में स्थापित लीगल एंड डिफेंस सिस्टम का वर्चुअल ई-उद्घाटन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन में माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय मुख्य/संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की श्रीमती सुनीता अग्रवाल व वरिष्ठ न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय /कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी के कर कमलों द्वारा औपचारिक उद्घाटन संपन्न किया गया। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस सिस्टम चीफ ने जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित



किया। तथा सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राज बहादुर सिंह मौर्य, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्राधिकरण श्रीमती अल्पना, अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हिमांशु कुमार सिंह, अपर जिला जजो में नरेंद्र कुमार, वीरभद्र सिंह, विकास गुप्ता, प्रीति श्रीवास्तव, अली रजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कामायनी दुबे ,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ,आदि के साथ ही काउंसिल के चीफ राधारमण वाष्णेय एडवोकेट, डिप्टी चीफ विकास जैन ,असिस्टेंट शुभम मिश्रा ,कुमारी शालिनी तथा योगेश सक्सेना एडवोकेट मीडियेटर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नरेंद्र कुमार, विनय मौर्य, राजबहादुर सिंहआदि मौजूद रहे।

# ड्राइवर को आई नींद की झपकी, रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी, दो दर्जन सवारी घायल

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ़- यूपी के अलीगढ़ जनपद में रोडवेज बस के ड्राइवर को नींद की झपकी आ जाने से बड़ा हादसा हुआ है। बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। बस में सवार दो दर्जन सवारी घायल हो गई हैं। घायलों को बड़ी मुश्किल से बस के अंदर से बाहर निकाला गया। बस पलटते ही चालक और परिचालक मौके से भाग खड़े हुए। गभाना के एनएच 91 राजमार्ग पर श्यामपुर- बरौली मोड़ के पास की सुबह कासगंज डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई, हादसे में दो दर्जन के करीब सवारियां घायल हुई हैं। बताया जा रहा है कि बस चला रहे ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ। नींद के झोंके से बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस के पलटते ही वहां लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गया। बस के अंदर से सवारियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि हादसे में दो दर्जन के लगभग सवारी घायल हुई हैं। जिन्हें पुलिस ने उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं हादसे के बाद बस चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन के माध्यम से बस को सीधा कर नाले से बाहर निकाला गया। बाईपास के पास श्यामपुर- बरौली मोड़ के निकट किसी वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के दौरान बस में सवार अधिकांश यात्री नींद के आगोश में थे। बस पलटते ही बस में सवार यात्रियों में मदद को चीख पुकार मचने लगी। जानकारी पर आस-पास के गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने शीशे, खिड़की तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में बेबी अलीगंज एटा, कोमल, प्रीती मुजफ्फरा जसरथपुर एटा, ऋषिपाल सिंह, उनकी पत्नी नीलम, निवासी अमापुर कासगंज, रिंकू, रूक्मणी निवासी धिरौना कासगंज, संगम फिरोजाबाद, प्रेमलता, प्रदीप, हिमांशी, प्रतिज्ञा मारहरा एटा, कोमल अलीगंज एटा, कनक, सुषमा जैथरा एटा समेत दो दर्ज से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर थाना पुलिस के अलावा टोल रिलीफ टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से कस्बा के सीएचसी व निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल [illegible] है। हादसे के बाद बस चालक व परिचालक मौके से फरार हो गया।

# गौ वंशजों के छति विक्षप्त शव मिलने से सनसनी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में गौवंशजों के क्षति विक्षप्त शव मिलने से सनसनी फैल गई मौके पर भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुच गये, भारी भीड़ भी उमड़ पड़ी हैं । बरहाल घटना की जाँच और गौवंशजों के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही हैं। सूत्र

# प्रचार वाहन पर लिखे ट्रिपल इंजन की सरकार



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- भाजपा के एटा नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुधा गुप्ता के चुनाव मे प्रचार वाहन पर लिखे ट्रिपल इंजन की सरकार युक्त नारे के साथ भाजपा का भारी काफिला देखकर लोगों में कौतूहल? चर्चा का विषय ?हर व्यक्ति ने ट्रिपल इंजन को लेकर खासी चर्चा की।

# BCCI's strict action on Virat-Gambhir after the debate in the field, this Afghan player was not spared

There was a heated argument between Virat Kohli and Gautam Gambhir after the match between Lucknow and Bangalore. Earlier, Kohli and Naveen-ul-Haq also clashed with each other. The match between Lucknow Super Giants and Royal Challengers Bangalore in IPL 2023 was quite controversial. RCB team won this match by 18 runs. During this match, former RCB captain Virat Kohli appeared in an aggressive manner. During the match, he had an argument with Naveen-ul-Haq and after the end of the match, he also clashed with Gautam Gambhir. All these three players have been found guilty of violating the rules of the IPL. Gambhir and Kohli have been fined their full match fees, while Naveen-ul-Haq has been fined 50 per cent of his match fee. IPL's media release said "Lucknow Super Giants mentor Gautam Gambhir fined match fee for breach of IPL Code of Conduct during Tata





Indian Premier League (IPL) 2023 match against Royal Challengers Bangalore at Bharat Ratna Atal Bihari Vajpayee Ekana Cricket Stadium." 100% penalty has been imposed. Gambhir has admitted to a Level 2 offense under Article 2.21 of the IPL Code of Conduct." The same media release further stated "Royal Challengers Bangalore batsman Virat Kohli at the Bharat Ratna Atal Bihari Vajpayee Ekana Cricket Stadium in the Tata Indian Premier League (IPL) ) has been fined 100 per cent of his match fee for breaching the IPL Code of Conduct during the 2023 match. Kohli has admitted a Level 2 offense under Article 2.21 of the IPL Code of Conduct." After the match, Kohli and Gambhir had an altercation, following which Amit Mishra, RCB captain Faf du Plessis and LSG assistant coach Vijay Dahiya had to come to the rescue. Later Kohli was also seen talking to LSG captain KL Rahul. LSG pacer Naveen-ul-Haq was also fined 50 per cent of his match fee for breaching the IPL's code of conduct. During the post-match handshake, Naveen-ul-Haq and Kohli clashed. Written in the media release of IPL. Lucknow Super Giants bowler Naveen-ul-Haq fined 50 per cent of his match fee for breaching the IPL Code of Conduct during Bharat Ratna Atal Bihari Vajpayee's match against Royal Challengers Bangalore during the Tata Indian Premier League (IPL) 2023 Has gone. Naveen-ul-Haq has admitted to a Level 1 offense under Article 2.21 of the IPL Code of Conduct." What happened in the match? - It all started in the 17th over of Lucknow's innings, when Virat was caught behind the stumps. Came running and seeing Naveen gestured something. On this Naveen of Afghanistan also came close to him and an argument started between the two. During this argument, Virat also pointed towards his shoe and removed mud from it, as if Talking about it. RCB's Dinesh Karthik takes Naveen and Kohli away from the umpire. Lucknow's Amit Mishra, who is at the non-striking end, tries to pacify Kohli, while Virat angrily confronts him as well.Bangalore After the victory of both the teams, when the turn comes to shake hands, Kohli is seen saying something while shaking hands with Naveen. As soon as Kohli speaks, Naveen also speaks something in a taunt. Here also there is an argument between the two. While Kohli is walking along the boundary, Lucknow's Kyle Mayers starts talking to him. In the meantime, Gambhir comes and takes Mayers away and refuses to talk to Kohli. After this Gambhir says something on which Kohli calls him near and tries to have a conversation with him. During this, both Kohli and Gambhir come very close and there is an argument between the two. In the end there is a long conversation between Kohli and Lokesh Rahul.

# Lucknow captain Rahul got injured, was seen moaning in pain, Athiya Shetty's reaction went viral

In an attempt to save the boundary, Rahul ran very fast. Only then it seemed that his left thigh was pulled. He staggered and fell on the ground. Physio also sprinkled pain killer spray, but it did not work. He was then taken off the field. The 43rd match of IPL 2023 was played between Lucknow Super Giants and Royal Challengers Bangalore. Lucknow suffered a major setback in this match when captain KL Rahul got injured in the second over of the match. In the last ball of the second over, while trying to stop a four, Rahul's hamstring got hurt. He lay down on the ground and was seen moaning in pain. After this the physio was called on the field. He caught them and took them out of the field. In an attempt to save the







boundary, Rahul ran very fast. Only then it seemed that his left thigh was pulled. He staggered and fell on the ground. Physio also sprinkled pain killer spray, but it did not work. Then he was immediately taken out. The reaction of wife Athiya Shetty present in the stands on this whole incident is going viral. Athiya was eagerly looking at Rahul. Later he was also seen on call. Fans are saying on social media that she was taking information about Rahul's health. In the absence of KL Rahul, Krunal Pandya is leading the team. Physio was seen carrying Rahul in his lap. However, so far no update has been revealed regarding how serious the injury is. His right leg is injured. During the chase, Rahul did not come for the opening, but in the end he definitely reached the crease limping. Ayush Badoni and Kyle Mayers came to the opening. Rahul played three balls but could not take the run. This shows that his injury is serious. Rahul is the second player from Lucknow who has been injured in the recent past. Earlier, Jaydev Unadkat had also injured his left shoulder during the practice session. Rahul is the second highest run-getter for Lucknow this season so far. Talking about the match, Bangalore captain Faf Duplessis won the toss and decided to bat first. However, except captain Faf Duplessis, the Bangalore batsmen could not do much. Virat Kohli was dismissed for 31 runs in 30 balls, Anuj Rawat for nine runs in 11 balls, Glenn Maxwell for four runs in five balls and Suyash Prabhudesai for six runs in seven balls. Mahipal Lomror was dismissed for three runs and Duplessis scored 44 runs in 40 balls. Bangalore had set a target of 127 runs in front of Lucknow. In reply, the Lucknow team was reduced to 108 runs in 19.5 overs.

# Controversy continues regarding Asia Cup, PAK media reports – tournament will be canceled, ACC denies the news

The PCB had recently introduced a 'hybrid model' for the Asia Cup, wherein Pakistan would play all its matches at home. At the same time, Team India can play its matches in UAE, Dubai, Oman or Sri Lanka. This year Asia Cup is to be held in Pakistan. However, controversies have been going on since last year regarding this tournament. Asian Cricket Council President Jai Shah had announced a few months ago to hold this tournament at a neutral venue. He had said that Team India will not go to Pakistan. However, in between there were also reports that Pakistan has agreed to have India's matches at a neutral venue. However, now Pakistani media reports suggest that the tournament may be cancelled. However, sources in the Asian Cricket Council (ACC) denied these reports to news agency PTI.According to Pakistani media reports – If PCB persists on hybrid model then Asia Cup 2023 might not happen or rather



it will be cancelled. The BCCI is ready to cancel it and has started planning for a five-nation tournament, which will be held during the Asia Cup window. Apart from Pakistan, five other countries will play in this tournament.The PCB had recently introduced a 'hybrid model' for the Asia Cup, wherein Pakistan would play all its matches at home. At the same time, Team India can play its matches in UAE, Dubai, Oman or Sri Lanka. However, according to new reports in Pakistani media, he has spoken about the tournament not happening. However, the ACC has ruled out any parallel tournament in which five countries will clash in Dubai. ACC sources told news agency PTI that they have not sent any such proposal to the member nations. According to media reports, the BCCI wants the entire tournament to be shifted to the UAE, with three grounds including Dubai, Sharjah and Abu Dhabi. Are. The same happened in 2018 and 2022, when the tournament was held in the UAE instead of India and Sri Lanka. On the sidelines of the ICC meeting in Dubai, a member of the ACC Board told PTI on condition of anonymity – messages have been exchanged, but there has been no discussion or proposal to postpone the Asia Cup.The source said- If the Asia Cup is cancelled, the PCB will be informed first. Nothing like this has happened so far. The ACC President (Jay Shah) has not put anything on record so far. In order to postpone or cancel the event, the ACC must convene an Executive Board meeting. The Speaker (Shah) can call a meeting in seven days. There is no information about any such meeting as of now. ACC sources said that to the best of their knowledge, the last official mail exchange between PCB, ACC and BCCI was sent to the Indian team with assurance of high quality security and good reception Gone was the invitation. He agreed – but obviously in the current sensitive political climate it is difficult for India to visit Pakistan. He said- We should remember the deal with media rights and Star Sports who have paid lakhs for at least two matches of Pakistan vs India in Asia Cup.

